भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1090

गुरुवार, 27 जून, 2019/6 आषाढ़, 1941 (शक)

राष्ट्रीय राजमार्ग-544 का निर्माण

1090. श्री टी.एन. प्रथापनः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-544 जिसका निर्माण 2009 में शुरू हुआ था, उसका कार्य लंबे समय से रुका हुआ है, और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर केरल में त्रिशुर जिले के कुथिरोन में चल रही चौड़ीकरण की गतिविधियों और सुरंग के निर्माण को अचानक बंद करने के प्रमुख कारण क्या हैं;

(ग) क्या सरकार इस कार्य की प्रगति के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अवस्थिति संबंधी रिपोर्ट मांगेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार उस निजी अनुबंध कंपनी के खिलाफ स्व-प्रेरणा से कोई कार्रवाई करेगी, जिसने इस कार्य को तीन वर्ष के भीतर पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई थी, जबकि यह कार्य दस वर्षों से अधिक समय से चल रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार इस चूक और अवांछित विलंब के लिए इस कंपनी को काली सूची में डालने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार एनएच-544 पर निर्माण और चौड़ीकरण की गतिविधियों को पूरा करने के संबंध में कोई आश्वासन दे सकती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): त्रिशूर से वडक्कनचेरी खंड को छोड़कर केरल राज्य में रारा 544 पर कार्य पूरा कर लिया गया है। वडक्कनचेरी से त्रिशूर खंड में सिविल कार्य सितंबर, 2012 में शुरू किया गया था। परियोजना में भूमि की अनुपलब्धता और रियायतग्राही द्वारा सामना किए जाने वाले वित्तीय संकट के कारण देरी हुई। जहां तक कुथिरोन सुरंग का सवाल है , भूमि की अनुपलब्धता और वन और वन्य जीव मंजूरी में देरी के कारण एक तरफ सुरंग ट्यूब में मामूली कार्यों और पहुँच मार्गों को छोड़कर उसका निर्माण कर लिया गया है। परियोजना को मई, 2018 से रोक दिया गया है। इस परियोजना को बैंकरों/उधार एजेंसियों द्वारा एनपीए घोषित किया गया है। परियोजना के पूरा होने के लिए आवश्यक धनराशि निवेश के लिए रियायतग्राही द्वारा प्रयास शुरू किए गए हैं।

(घ) एवं (ड.): वर्तमान में, परियोजना में 83% भौतिक प्रगति हासिल की गई है। परियोजना के पूरा होने के लिए आवश्यक धनराशि डालने के लिए रियायतग्राही द्वारा प्रयास शुरू किए गए हैं।

(च): कार्य को मई, 2020 तक पूरा करने के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है।

*****